# U.S.A. Executive अमेरिकी कार्यपालिका

* भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में प्रधानमंत्री बहुत ज्यादा राजनीतिक शक्तियों और दबावों से घिरा रहता है। इस तरह प्रधानमंत्री को मुख्य कार्यकारी के तुल्य नहीं माना जा सकता। प्रशासन के प्रत्येक विभाग के लिये संबद्ध मंत्री उत्तरदायी होता है। सार्वजनिक महत्व के अधिकांश निर्णय मंत्रिमण्डल की बैठकों में किए जाते हैं जहाँ सहमति तक पहुँचने से पहले विभिन्न विचारधाराओं में सामंजस्य स्थापित करना जरूरी होता है।

* इसके विपरीत, अमेरिकी राष्ट्रपति पर ऐसे कोई बन्धन नहीं होते। राष्ट्रपति का मंत्रिमण्डल उसकी अपनी पसन्द के अधिकारियों का संगठन है जिन्हें वह योग्यता, कार्यकुशलता और व्यक्तिगत निष्ठा के आधार पर चुनता है।

* अमेरिकी राष्ट्रपति अपने देश के मुख्य कार्यकारी होने के नाते अत्यन्त शक्तिशाली कार्यकारी है परन्तु अमेरिका में शक्ति-पार्थक्य के सिद्धान्त के अन्तर्गत विधि-निर्माण के क्षेत्र में राष्ट्रपति की शक्तियां बहुत सीमित है। इसके विपरीत ब्रिटिश प्रधानमंत्री संसद में बहुमत का नेता होने के कारण विधि-निर्माण के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाता है।

* केवल बजट निर्माण के मामले में राष्ट्रपति की शक्तियाँ अपेक्षाकृत विस्तृत हैं क्योंकि बजट बनाने का काम बजट विभाग का है जो राष्ट्रपति के अधीन है।

* इस प्रकार विधानमंडल से अपना कार्य कराने के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति की शक्तियां ब्रिटिश प्रधानमंत्री की तुलना में

Scanned By Scanner Go

बहुत सीमित है।

- अमेरिका जैसे महान शक्तिशाली राष्ट्र के मुख्य कार्यकारी के नाते राष्ट्रपति की पद को न केवल अपने देश में बल्कि सम्पूर्ण विश्व में बड़ी उत्कंठा के साथ चुना जाता है।
- ब्रिटिश प्रणाली के अन्तर्गत विधानमंडल और कार्यपालिका में गतिरोध पैदा होने की कोई गुंजाइश नहीं है।

क्रमशः

Dr. Rama Kant Pandey
S.R.A.P. College
Bara Chakia
East Champaran.

B.A. Pol.Sc.(Hons)
Part - I
Paper - II

Scanned By Scanner Go